Title: Need to lay broad gauge rail line between Ajmer and Pushkar and also take up gauge conversion work of Ajmer-Bhilwara Chittor-Udaipur line in Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : उपाध्यक्ष महोदय, लगभग दो र्वा पूर्व रेल मंत्रालय ने राजस्थान के दक्षिणी अंचल को ब्रॉडगेज से जोड़ने के लिए वर्तमान मीटर गेज अजमेर-भीलवाड़ा-चित्तौड़-उदयपुर को ब्रॉडगेज में बदलने की परियोजना स्वीकृत की थी। इसी प्रकार देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल, महत्वपूर्ण तीर्थस्थल, संपूर्ण देश में विख्यात मंदिरों की नगरी और पवित्र सरोवर वाले तीर्थराज पुकर को अजमेर से रेलवे लाइन से जोड़ने की घोाणा सरकार ने की थी।

परन्तु दो-तीन र्वा का समय निकल जाने के बाद भी रेल मंत्रालय ने इस ओर विशो प्रयास नहीं किए हैं और इन दोनों परियोजनाओं के लिए जो बजट आबंटित किया गया है वह पर्याप्त नहीं है। इन परियोजनाओं के लिए आबंटित बजट से अजमेर-पुकर तथा अजमेर-भीलवाड़ा-चित्तौड-उदयपुर के बीच पुलों के निर्माण का कार्य भी पूरा नहीं हो पाएगा। अजमेर पुकर के बीच नई रेल लाईन बिछाने तथा अजमेर-भीलवाड़ा-चित्तौड़-उदयपुर के बीच मीटर गेज़ को ब्रोडगेज में बदलने की परियोजनाओं में विलम्ब से प्रतिर्वा इनके लागत मूल्य एवं व्यय में भी अत्यधिक वृद्धि हो रही है।

अत: भारत सरकार से अनुरोध है कि अजमेर-पुकर के बीच ब्रोडगेज़ रेल लाईन बिछाने तथा अजमेर-भीलवाड़ा-चित्तौड़-उदयपुर के मध्य आमान परिवर्तन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर निर्धारित अवधि में कार्य सम्पन्न कराने का निर्णय अविलम्ब किया जाए।